क्रिकेट

स्वर्गीय आर एस त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

# ए 8, एफ 9 और ईई टीम ने जीते मैच



**नवभारत,जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर एस त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन मैच खेले गए ।पहले मैच में ए-2 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 52 रन बनाए, दूसरी पारी में, ए 8 की टीम ने 8.1 ओवर में 53 रन बनाकर मैच जीत लिया।

दूसरे मैच में ईई की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों 66 रन बनाए।जवाब में ए 6 राइजिंग की टीम 10 ओवरों में 64 रन ही बना सकी। और मैच हार गई।तीसरे मैच में एफ 9 की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया तथा निर्धारित 10 ओवरों में 92 रन बनाए। मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी एफ 10 की टीम मात्र 7.1ओवरों में ऑल आउट होकर 39 रन ही बना सकी। इस प्रकार एफ 9 ने यह मैच 53 से जीत लिया। पहले मैच के मैन ऑफ द मैच चंद्रहास , दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच अमित रजक और तीसरे मैच के मैन ऑफ द मैच पंकज शर्मा रहे।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आयुध निर्माणी खमरिया के अनिल सोनी, जयंत मंडल ,सुनील शर्मा ,पिंटू सिंह, संदीप विश्वकर्मा ,भीखम सिंह ठाकुर , संदीप मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका , निखिल यादव, आनंद शर्मा अनुपम भौमिक, ,दिनेश दास, जसवंत रावत अपूर्व श्रीवास्तव ने निभाई। कमेंटेटर के रूप में सुनील खत्री, चंद्रमणि ,स्कोरर की भूमिका , कुणाल कुंभारे, कमलेश तिवारी ने निभाई। मैच के दौरान यूनियन के राकेश रंजन,अखिलेश पटेल, अनिल गुप्ता,महेंद्र रजक,धर्मेंद्र रजक, जीवन, रामबाबू मीणा, रामरतन विनोदिया,जितेंद्र पाण्डेय, दिलीप टेकाम, संतोष कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मातृ दिवस पर नेत्रहीन बालिकाओं संग बांटी खुशियां

**नवभारत,जबलपुर ।** मातृ दिवस के अवसर पर जबलपुर स्थित अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था द्वारा ज्ञानदीप स्पर्श ब्लाइंड स्कूल में भावनात्मक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के अध्यक्ष मयूर सिंघवी ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए माँ को 'जगत जननी' बताया और उनके त्याग, प्रेम एवं पालन-पोषण के योगदान को नमन किया। इस दौरान नेत्रहीन बच्चों द्वारा प्रस्तुत भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। मयूर सिंघवी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें देश का भविष्य और राष्ट्र निर्माता बताया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा नेत्रहीन बालिकाओं को उपहार वितरित कर मातृ दिवस की खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर पूर्व महापौर सुशीला सिंह, पूर्व पार्षद शेरू पाल, कोमल जैन सहित निर्मल चोपड़ा, एच.एल. वर्मा और संस्था के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## रीना चटर्जी को किया सम्मानित



**जबलपुर, नवभारत।** बंग समाज जबलपुर के द्वारा रविवार को अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर डी बी क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्व एस सी चटर्जी की पत्नी रीना चटर्जी जो की नारी मंगल समिति की संस्थापक सदस्य भी है, जिनका बंग समाज द्वारा फूल मालाओं के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बंग समाज के सचिव सुजीत बैनर्जी, सीमा मंडल, आलोक बोस, उत्तम सरकार, चंदन भट्टाचार्य, जे पी मंडल, आशा दास, अपर्णा सरकार, मालविका बैनर्जी, साधन दास आदि उपस्थित थे।

# पंजाबी समाज द्वारा संजय अरोरा को किया गया सम्मानित




**नवभारत,जबलपुर।** पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के सदस्यसंजय अरोरा, अधीक्षण अभियंता, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के शहर वृत्त जबलपुर ने राजस्व वसूली एवं बकाया राशि प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे मध्यप्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। श्री अरोरा की कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और विभाग के प्रति समर्पण अन्य अधिकारियों के सहयोग की सराहना करते हुए पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के द्वारा संस्था भवन में रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर श्री अरोरा को मंच पर शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के जनसंपर्क अधिकारी उमेश शर्मा ने बताया कि श्री संजय अरोरा को कलेक्टर जबलपुर के द्वारा भी उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया है। उसी के साथ पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन, पंजाबी महिला समिति एवं पंजाबी यूथ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में श्री अरोरा एवं उनके परिजनों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नरेन्द्रपाल मलिक, राजीव ओबेराय, उमेश शर्मा, उमेश खुराना, राकेश गुप्ता, आर.के. कपूर, पंकज सेठी, सुधीर मेहता, गुलशन माखीजा, अंशुल मलिक, संजीव गुलाटी, दीपक चंडोक, दीपक वर्मा, आशीष खुराना, भारत कपूर, प्रमोद मरवाहा, नरेन्द्र धमीजा सहित महिला समिति की ऊषा खुराना, अनीता आही सहित अनेक महिला समिति एवं यूथ क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

# लोक निर्माण मंत्री सिंह ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

'पंजाबी यूनिटी लीग' का समापन





**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर में पंजाबी महासंघ यूथ विंग द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता 'पंजाबी यूनिटी लीग 2026' का समापन रविवार को भव्यता से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता आने वाले समय में खेल और सामाजिक एकता के क्षेत्र में एक बड़ा स्वरूप प्राप्त करेगी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री सिंह ने फाइनल मैच का टॉस कराया, जिसमें टॉस विजेता टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। इसके पश्चात मंत्री जी ने स्वयं मैदान पर उतरकर बल्लेबाजी की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।समारोह के दौरान लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन का भी अभिनंदन किया गया।।समापन कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष भाई रिंकू विज, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, इंद्र मोहन भाटिया सहित पंजाबी महासंघ के पदाधिकारी, वरिष्ठ समाजसेवी और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री श्री सिंह ने समापन सत्र के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं देते हुए सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

# दुकान से पांच लाख रूपए के 50 मोबाइल चोरी

कोतवाली थाना क्षेत्र के बरही रोड में हुई वारदात



**नवभारत, कटनी।** पूरे जिले में कॉम्बिंग गश्त कराकर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के दावों के पोल कोतवाली क्षेत्र में चोरी ने खोल दिया है। पुलिस की पूरी रात गश्त के बावजूद चोरों ने एक दुकानों निशाना बनाते हुए लाखों रूपए के मोबाइल चोरी कर पुलिस व्यवस्था को चुनौती दी है।

कोतवाली थाना अंतर्गत बरही रोड स्थित एक मोबाइल दुकानों में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।चोरों ने लगभग पांच लाख कीमत के 50 मोबाइल चोरी किए हैं।चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआएना करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। दुकान संचालक प्रफुल्ल अग्रवाल ने बताया कि रविवार सुबह करीब 4 बजे 6 बदमाश दुकान में घुसे। उन्होंने बड़ी चालाकी से दुकान में रखे कई कंपनियों के लगभग 45 नए मोबाइल फोन चुरा लिए। बदमाश सिर्फ फोन अपने साथ ले गए और डिब्बे वहीं छोड़ गए। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोरी की शिकायत पुलिस से की गई है। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जा सके। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है।फिलाहल चोरों के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला है। चोरी की वारदात ने पुलिस की गश्त व्यवस्था के दावों की पोल खोलकर रख दी है।

# इलाज कराने मुंबई गया था परिवार, चोरों ने साफ कर दिया हाथ

घर का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात पार



**नवभारत, जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत न्यू रामनगर में अज्ञात चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात पार कर दी। चोरों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब एक बुजुर्ग अपनी पत्नी का इलाज कराने मुंबई गए थे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार न्यू रामनगर शांता मंदिर के पास निवासी चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव (63) बीते 8 मार्च को अपनी घायल पत्नी के उपचार के लिए मुंबई गए थे। घर की देखरेख और पौधों में पानी डालने की जिम्मेदारी उन्होंने अपनी पड़ोसी सुनीता गुप्ता को सौंपी थी। 19 अप्रैल को सुनीता ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। पीड़ित परिवार जब कल मुंबई से वापस लौटा, तो घर की हालत देख दंग रह गया। चोरों ने न केवल मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा, बल्कि अंदर रखी आलमारियों के लॉक भी कटर या किसी औजार से काट दिए थे। चोर टीवी, रिमोट और पेन ड्राइव, पूजा घर में रखे 5 हजार रुपये नगद, चांदी का गले का सेट, पायल और चांदी के सिक्के, फोर-व्हीलर गाड़ी की चाबी और कीमती बेनटेक्स ज्वेलरी चुराकर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और पुराने अपराधियों से पूछताछ कर रही है।

# भ्रष्टाचार के चलते सीमेंट की जगह रेत-गिट्टी का खेल

**नैनपुर, नवभारत।** नगरपालिका नैनपुर के ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्यों में माप दंडों की धज्जियां उड़ाना अब आम बात हो गई है। ताजा मामला वार्ड क्रमांक 9, काली मंदिर के पीछे का है, जहाँ सड़क निर्माण में भारी अनियमितता और गुणवत्ताहीन सामग्री के उपयोग का आरोप वार्ड वासियों ने लगाया है।

हैरानी की बात तो यह है कि बार-बार की गई शिकायतों के बावजूद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और उपयंत्री (सब-इंजीनियर) मौके पर निरीक्षण करने तक नहीं पहुँचे, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### आधा-अधूरा काम दे रहा हादसों को दावत

वार्ड वासियों ने बताया कि ठेकेदार ने विगत दो माह पूर्व सड़क निर्माण के लिए रास्ता खोद दिया था, जिसे बाद में अधूरा छोड़ दिया गया। खुदी हुई सड़क और बीच में बने गड्ढों के कारण आए दिन राहगीर और वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। दो दिन पूर्व जब काम दोबारा शुरू हुआ, तो ठेकेदार द्वारा बिछाए जा रहे बेस में सीमेंट की मात्रा न के बराबर पाई गई। केवल रेत और गिट्टी को मिक्स कर खानापूर्ति की जा रही है।

### वार्डवासियों ने लगाया मिलीभगत का आरोप

वार्ड वासियों ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि ठेकेदार और नगर पालिका के उपयंत्री की मिलीभगत से यह भ्रष्टाचार चरम पर है। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होना और घटिया निर्माण पर रोक न लगाना यह दर्शाता है कि भ्रष्टाचार को सरकारी संरक्षण प्राप्त है। लोगों का कहना है कि यदि इसी गुणवत्ता से सड़क बनी, तो यह पहली बारिश भी नहीं झेल पाएगी।

**In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Sihora Jabalpur**
**Presiding Officer : श्रीमति खालिदा तनवीर खान**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

श्रीराम ताम्रकार....... वादी (RCS A/0000008/2021) Process Id-/2026
पेशी दिनांक :- 22/06/2026
Vs
रामायण वर्मा........ प्रतिवादी

प्रेषिती- (1) सचिन माझी पिता वीरन माझी पता-कालीमठ मंदिर अमानपुर नरसिह वार्ड-14 गढ़ा जबलपुर (म .प्र)
(2) शशाक माझी पिता वीरन माझी पता-कालीमठ मंदिर अमानपुर नरसिह वार्ड-14 गढ़ा जबलपुर (म .प्र)

यह कि प्रार्थी श्रीराम ताम्रकार ने आपके विरूद्ध आर.सी.एस.ए. के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 29 April 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया हैं।

न्यायालय की मुद्रा

सील

न्यायाधीश
श्रीमती खालिदा तनवीर खाग
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
सिहोरा, जिला-जबलपुर (म.प्र.)

**कृपया ध्यान दें:-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायिक जांच

सेवानिवृत्त जस्टिस संजय द्विवेदी करेंगे जांच, तीन माह के अंदर होगी पूरी

# बरगी बांध क्रूज हादसे की होगी न्यायिक जांच

**नवभारत,जबलपुर।** 30 अप्रैल की शाम हुए बरगी बांध क्रूज दुर्घटना की न्यायिक जांच होगी। राज्य शासन ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में एकल सदस्य जांच आयोग नियुक्त किया है।न्यायिक आयोग की बरगी बांध क्रूज दुर्घटना की जांच के पांच बिंदु तय किये गये हैं। जानकारी अनुसार राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने बरगी बांध क्रूज दुर्घटना की न्यायिक जांच की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में नियुक्त आयोग मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीन माह के भीतर जांच पूरी करेगा रिपोर्ट राज्य शासन को प्रस्तुत करेगा।

### ये जाच बिंदु हुए हैं तय

न्यायिक आयोग की बरगी बांध क्रूज दुर्घटना की जांच के पांच बिंदु तय किये गये हैं। जांच के निर्धारित बिंदुओं में दुर्घटना के कारणों की जांच करना एवं उत्तरदायित्व का निर्धारण, दुर्घटना के दौरान और दुर्घटना के बाद में किए गए बचाव उपायों की पर्याप्तता और राहत कार्यों की समीक्षा, राज्य में संचालित सभी नौकाओं, क्रूज एवं जल क्रीड़ा गतिविधियों का ऑडिट तथा इनलैंड वेसल्स एक्ट, 2021 एवं एनडीएमए बोट सेफ्टी गाइडलाइंस, 2017 के अनुरूप जलयानों के प्रमाणीकरण की व्यवस्था, राज्य में क्रूज, नौकाओं एवं जल क्रीड़ा गतिविधियों के संचालन व रखरखाव हेतु एक समान मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करना, ऐसे सभी स्थानों पर जहां नागरिक जल परिवहन, नौका, क्रूज एवं जल क्रीड़ा गतिविधियां संचालित हो रही हैं, त्वरित प्रतिक्रिया दल के गठन की व्यवस्था शामिल हैं।

### आठ मौते हुई थी

विदित हो कि बरगी बांध में 30 अप्रैल को पर्यटकों ने खुशी-खुशी डबल डेकर क्रूज का लुत्फ उठाने पर्यटक बांध की सैर पर निकले थे। क्रूज बांध की लहरों पर हिचकोले खाते हुए आगे बढ़ा, शाम शाम 5:50 बजे अचानक आंधी चलने के बाद क्रूज हिलने लगा, निचले हिस्से में पानी भरने लगा। संतुलन बिगड़ा क्रूज एक तरफ झुका और शाम 6 बजे पानी में डूब गया था। क्रूज की कुल क्षमता 70 सीट थी। इस हादसे में आठ महिला, चार बच्चों सहित 13 व्यक्तियों की मौत हो गयी थी। रेस्क्यू ऑपरेशन कर 28 व्यक्तियों को बचा लिया गया था। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान क्रूज को बाहर निकाल लिया गया था और सर्चिंग कार्य के दौरान उसे टुकडो में काट दिया गया था।

### इन्हें हटाया जा चुका

क्रूज पायलट महेश पटेल, क्रूज हेल्पर छोटेलाल गोंड एवं टिकट काउंटर प्रभारी बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा चुकी है।

## सीएम ने दिए थे उच्चस्तरीय जांच के आदेश, न्यायालय ने लिया था संज्ञान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बरगी बांध में हुई क्रूज़ दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिये थे जिसमें दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाना,तत्कालीन परिस्थितियों का विश्लेषण करना, क्रूज़ संचालन से जुड़ी सभी प्रासंगकि नियमों व खामियों की जांच करना शामिल था।मामले में जिला न्यायालय ने संज्ञान लिया था। चालक सहित अन्य सदस्यों के खिलाफ बरगी थाना प्रभारी को दो दिनों में धारा 106 भारतीय न्याय संहिता 2023 और धारा 110 के तहत अपराध दर्जन आदेश दिया था । बीते गुरूवार को पुलिस ने जिला न्यायालय में एफआईआर दर्ज करने के लिए समय प्रदान करने का आग्रह करते हुए आवेदन पेश किया गया था।आवेदन में कहा गया था कि घटना में मृत व्यक्तियों के संबंध में अलग-अगल मर्ग कायम कर जांच जारी है।इसके अलावा प्रदेश सरकार ने घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। इसके साथ ही उच्च स्तरीय कमेटी भी दुर्घटना के सटीक कारण, तत्कालीन परिस्थितियों का विश्लेषण करने के साथ क्रूज़ संचालन से जुड़ी सभी प्रासंगिक नियमों व खामियों की जांच कर रही है।

**कार्यालय वन मण्डलाधिकारी वनमण्डल अनूपपुर जिला-अनूपपुर 484224 (म.प्र.)**
Phone No. 07659-222038 Mail : dfotanppur@mp.go.in

क्रमांक/भण्डार/2026/738 अनूपपुर दिनांक 07/05/2026

**ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना**

वन मण्डल अनूपपुर अंतर्गत वानिकी कार्यों में सुरक्षा कार्य के तहत सामग्री(चैनलिंक) की आवश्यकता है। जिस हेतु वर्ष 2026-27 में सामग्री प्रदाय हेतु एम.पी. ई-टेन्डर पोर्टल पर ऑनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से प्रति मीटर सामग्री की दर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :-

| S. No. | Product | Product specifications | Unit | Quantity |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Chain Link Fence | GALVANIZED STEEL CHAIN LINK PENCE FABRIC SIZE= 100X100mm, 4mm Dia Mesh Wire & 4.5 mm Dia Line Wires 2 nos. Upto 2mtr. width. | वर्ग मीटर | आवश्यकतानुसार |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 08/05/2026 Time 10:00 AM | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 08/05/2026 Time 10:00 AM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date 18/05/2026 Time 01:00 PM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 08/05/2026 Time 10:00 AM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 27/05/2026 Time 05:00 PM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 29/05/2026 Time 11:00 AM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।

(डेविड व्यंकटराव चनाप)
वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल अनूपपुर

जी-12658/26 //स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता//